गेहूं के चोकर में पोटेशियम होता है. चोकर खिलाने से पोटेशियम दूध में मिलता है. हमारे शरीर में पोटेशियम बहुत ही महत्वपूर्ण खनिज है. एक स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में 250 ग्राम पोटेशियम मौजूद रहता है. जितना पोटेशियम हमें दैनिक आहार में मिलता है लगभग उतना पोटेशियम मलमूत्र के माध्यम से बाहर निकलता है. आवश्यकता पड़ने पर गुर्दे पोटेशियम की थोड़ी मात्रा भी मूत्र के साथ उत्सर्जित कर देते हैं. पोटेशियम धन आयन के रुप में मौजूद रहता है. पोटेशियम कोशिकाओं में पाया जाता है. पोटेशियम प्रमुख अन्तःकोशिकीय धनायन है और सक्रिय कोशिकीय संरचना इसकी आंतरिक और बाहय कोशिकीय सांद्रता को स्थिर बनाये रखती है. शरीर में पोटेशियम का प्रमुख कार्य कोशिकाओं के आयतन तथा उनके रसाक-र्ाण दाब को स्थिर बनाये रखता है. पोटेशियम शरीर अम्लीय-क्षारीय संतुलन को प्रभावित करता है. साथ ही अनेक उपापचयी प्रक्रियाओं में योग देता है. अंतः तथा बाहय कोशिकीय पोटेशियम आयनों का पारम्परिक अनुपात ही उत्तेजनीय उतकों के झिल्ली-विभव को निर्धारित करता है. कुछ बीमारियों में पोटेशियम के भंडार में कमी आ जाती है. अतिसार और वमन शरीर में सोडियम की कमी एवं जलाभाव के साथ पोटेशियम अभाव की स्थिति उत्पन्न होती है. अभिवृक्क प्रतिरक्षा पसीने के स्त्राव में हुई वृद्धि भी पोटेशियम अभाव पैदा कर सकती है क्योंकि ये हार्मोन गुर्दो के पोटेशियम स्त्राव दर में वृद्धि करते हैं. उतकों के न-ट होने के कारण भी शरीर को पोटेशियम के

अभाव का सामना कर पड़ सकता है. पोटेशियम मांसपेशिओं को काम करने में सहायता करता है. पोटेशियम की कमी से आंतों की पेशियों में विकार उत्पन्न हो सकता है. जब किसी वजह से शरीर का कोई उतक न-ट हो जाता है तो उस उतक की कोशिकाओं का पोटेशियम मूत्र के साथ उत्सर्जित होने लगता है. एक ग्राम कोशिकीय प्रोटीन के न-ट होने पर लगभग 3 मिलीग्राम पोटेशियम मुक्त होता है. रक्त में मौजूद हाइड्रोजन आयनों की सांद्रता में कमी तथा गुर्दजन्य सोडियम आयनों की कमी भी पोटेशियम अभाव पैदा कर सकती है. ऐसा भी हो सकता है कि शरीर में मौजूद कुल पोटेशियम की मात्रा में कमी न आये पर शरीर में पोटेशियम अभाव के लक्षण स्प-ट होने लगे. यह सब उस समय होने लगता है जब बाहय कोशिकीय प्रभाग का पोटेशयम आंतरिक कोशिकीय प्रभाग में सीानातरिक होने लगता है. जब शरीर में पोटेशियम का अभाव होता है तो यह जरुरी नहीं है कि उसका प्रभाव रक्तप्लाज्मा के पोटेशियम स्तर पर भी पड़े. दरअसल रक्तप्लाज्मा तथा कोशिकीय पोटेशियम के बीच काफी जटल संतुलन रहता है जो अनेक कारणों से प्रभावित हो सकता है. इनमें से एक प्रमुख कारण है रक्त के अम्लीय-क्षारीय संतुलन में गड़बड़ी. अम्ल-रक्तता पोटेशियम को कोशिकाओं से बाहर निकालती है पर खार रक्तता बाहय कोशिकीय पोटेशियम को अन्तः कोशिकीय प्रभाग में भेजती है. अत्यधिक पोटेशियम अभाव हो जाने पर शरीर के अन्तः व बाहय कोशिकीय दोनों ही प्रभागों में पोटेशियम की सांद्रता कम हो जाती है. यद्यपि किसी भी प्रभाग में हुए पोटेशियम हास के कारण शरीर में पोटेशियम अभाव के लक्षण दिखाई देने लगते हैं किंतु दोनों ही प्रभाग में एक साथ होने वाली पोटेशियम अभाव की स्थिति से संबंधित लक्षण शीघ्रता से प्रकट होने लगते हैं. पोटेशियम अभाव से पीड़ित व्यक्ति संभ्रांति का शिकार हो जाता है. वह उदासीनता एवं घबराहट का शिकार होकर मूर्च्छा की स्थिति में भी पहुंच सकता है परन्तु उपचार के बाद स्वस्थ होने पर रोगी को यह सब कुछ याद नहीं रहता. पोटेशियम के अभाव से पेशियों में कमजोरी आ जाती है. कंकाल पेशियों पर इसका सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है. आमाशय की पेशियों में आई कमजोरी के कारण छोटी आंत में अवरोध की स्थिति पैदा हो सकती है. ह्रदय पेशी में उत्पन्न दुर्बलता, ह्रदय को विस्तारित करती है और फलस्वरुप रक्तचाप गिरने लगता है. ऐसी स्थिति के लंबे समय तक बने रहने पर ह्रदय अपना काम करना बंद भी कर सकता है. श्वसन पेशियों में आई कमजोरी के कारण श्वसन केंद्र नि-क्रीय हो सकता है और फलस्वरुप व्यक्ति मौत का शिकार बन सकता है. पोटेशियम अभाव की स्थिति में गुर्दे मूत्र में पोटेशियम की सांद्रता बढ़ाने या घटाने में अक्षम हो जाते हैं. मूत्रतारोधी के हार्मोन भी गुर्दो की क्रियाशीलता को प्रभावित नहीं करते हैं. पोटेशियम अभाव से पीड़ित व्यक्ति को बार बार मूत्र त्यागना पड़ता है. अत्यधिक मूत्र निकलने के कारण शरीर में जलाभाव की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है और पीड़ित व्यक्ति को बार बार प्यास लगने लगती है. पोटेशियम अभाव से ग्रस्त व्यक्ति के शरीर में हाइड्रोजन आयन के अभाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है. पोटेशियम आधिक्य की स्थिति जिसमें पोटेशियम आयनों की अधिकता होती है शरीर के लिये घातक है. जब शरीर अपनी आवश्यकता से अधिक पोटेशियम को बाहर निकाल नहीं पाता है तब शरीर में पोटेशियम की मात्रा बढ़ने लगती है. पोटेशियम आधिक्य गुर्दे के विकार उत्पन्न हो जाने के कारण तथा रक्त में पोटेशियम की मात्रा एकाएक अधिक मात्रा पहुंचने के कारण होता है. कभी कभी कोशिकीय पोटेशियम के अचानक मुक्त होने के कारण पोटेशियम आधिक्य की स्थिति उत्पन्न होती है. पोटेशियम आधिक्य से ह्रदयपेशी पर अवर्तमन प्रभाव पड़ता है. फलस्वरुप ह्रदय धड़कने की दर कम और असामान्य हो जाती है. सीरम में पोटेशियम की सांद्रता प्रतिलीटर में सात मिलीलीटर अधिक हो जाती है तो ह्रदय गत्यावरोध हो जाता है. रक्त में पोटेशियम की सांद्रता को ज्वाला ज्योतिर्मापी की सहायता से आसानी से मापी जाती है. मनु-य के रक्त में सामान्यतः 3.5 से 5.5 मिली मोल पोटेशियम प्रतिलीटर होता है. पोटेशियम के आधिक्य अथवा अभाव की जानकारी इ.सी.जी. में हुए परिवर्तन से भी प्राप्त की जा सकी है. मुंह से कुछ ऐसे पदार्थ दिये जाते हैं जो आमाशय तथा छोटी आंत में पहुंचकर पोटेशियम का अधिशो-ाण कर सकें. ग्लूकोज तथा इंसुलिन भी पोटेशियम आधिक्य को कम करने में सक्षम हैं. ये पोटेशियम को बाहय कोशिकीय प्रभग से अतःकोशिकीय प्रभाग में जाने के लिये प्रेरित करते हैं. पोटेशियम की कमी के कारण अपच, मंदाग्नि, कब्ज, वायु विकार उत्पन्न होते हैं. पोटेशियम शरीर के प्राकृतिक विकास के

लिये बहुत ही अधिक आवश्यक है क्योंकि पोटेशियम के कारण पाचन बहुत ही सही ढंग से होता है और भूख बहुत ही तेज लगती है. गर्भ में पल रहे बच्चे को संपूर्ण विकास के लिये पोटेशियम की आवश्यकता 5 माह के बाद पड़ती है इसलिये गर्भवती महिला को गाय माता के दूध एवं छाछ का सेवन प्रतिदिन अवश्य करना चाहिये. एक व्यक्ति को 140 मिलीग्राम पोटेशियम की आवश्यकता होती है. धारोष्ण दूध में पोटेशियम 141 मिली ग्राम पर्याप्त मात्रा में विघमान है. छाछ में मौजूद पोटेशियम ज्यादा लाभकारी है इसलिये 10 साल से अधिक आयु के व्यक्ति को दूध के बदले में छाछ का ही सेवन करना चाहिये.

कैल्शियम

गेहूं के चोकर में कैल्शियम होता है. चोकर खिलाने से दूध में कैल्शियम मिलता है. कंकाल, दांतों, शरीर के कुछ अन्य भागों में 98.5 प्रतिशत कैल्शियम होता है. कैल्शियम रक्त तथा मुलायम मांसपेशियों में होता है जो मांसपेशियों के सिकुडने एवं फैलने में सहायक होता है.

शरीर में रक्त शोधक का कार्य करता है जिसके कारण रक्त हमेशा सही रहता है. कैल्शियम रक्त को जमने से रोकता है. शरीर में हडियों के विकास के लिये कैल्शियम की महत्वपूर्ण भूमिका है.

कैल्शियम उत्तम रक्त स्कन्दन है. शरीर का वजन कैल्शियम के कारण पूरी तरह से नियंत्रित रहता है. बच्चों के विकास के लिये अधिक कैल्शियम की आवश्यकता होती है. कैल्शियम की कमी के कारण गर्भ में पल रहे बच्चे मानसिक विकलांगता का शिकार हो सकते हैं.

स्त्रियों को गर्भावस्था के अंतिम दो माहों में तथा स्तनपान कराने के काल में कैल्शियम की आवश्यकता विशेष रुप से होती है. 1200 से 1500 मिलीग्राम कैल्शियम की आवश्यकता गर्भ के अंतिम 2 माह में तथा स्तनपान करने के समय है. गर्भवती महिला को छाछ कल्प के माध्यम से कैल्शियम की पूर्ति होती है.

40 दिनों से 180 दिनों के छाछ कल्प से गर्भ में पल रहा बच्चा संपूर्ण विकास करता है. छाछ में मौजूद कैल्शियम शरीर दूध की तुलना में 18 गुना ज्यादा अवशोि-ित करता है. कैल्शियम अकेले ग्रहण करने से धमनियों में पहुंचकर ब्लाक कर देता है.

कैल्शियम को मेग्नेशियम के साथ लेने पर उत्तेजना और अनिद्रा जैसी बीमारियों से बचाता है. कैल्शियम की कमी से बच्चों का विकास रुक जाता है. लेक्टोस, कैल्शियम तथा विटामिन डी का परस्पर संबंध शरीर द्वारा कैल्शियम का उपयोग करने में सहायक होता है. कैल्शियम वानस्पतिक मूल के खाद्यों में भी उचित मात्रा में पाये जाते हैं परन्तु शरीर द्वारा कैल्शियम का अवशोषण आसानी से नहीं हो पाता है. मानव को दूध के बदले छाछ का सेवन करना चाहिये. छाछ के माध्यम से 80 प्रतिशत कैल्शियम अवशोषित हो जाता है. एक व्यस्क व्यक्ति को 900 मिलीग्राम से 1100 मिलीग्राम कैल्शियम की आवश्यकता होती है.

कैल्शियम की मात्रा 0.12 प्रतिशत गाय माता के धारोष्ण दूध में मौजूद है.

मेग्नेशियम

मेग्नेशियम रक्त कोशिकाओं के निर्माण में सहायता करता है. क्लोरोफल यानी ग्रीन ब्लड का न्यूक्लीयस मेग्नेशियम है. न्यूक्लीयस मेग्नेशियम होने के कारण क्लोरोफिल का रंग हरा होता है. मेग्नेशियम रक्त कोशिकाओं को पुनर्निर्माण एवं पुनर्जीवन देने के कारण संजीवनी का काम करता है.

मेग्नेशियम मांसपेशियों की क्रिया तथा तंत्रिका स्थायित्व में सहायता पहुंचाता है. शरीर में शोधक प्रभाव हेतु मेग्नेशियम आवश्यक है. किण्व तत्वों यानी पाचक रसों की क्रिया का प्रेरक है. मस्तिष्क की कमजोरी को समाप्त करता है. पाचन में सहायक होकर पाचन विकार नही होने देता है.

उत्तम कीटाणुनाशक है. हदय गति की तीव्रता से रक्षा करता है. शरीर की वृद्धि में सहायक है. एक व्यक्ति को 19 मिलीग्राम मेग्नेशियम की आवश्यकता होती है. धारोष्ण दूध में 12 मिली ग्राम मौजूद है. गाय माता के दूध के बदले छाछ का प्रयोग करने पर लाभ अच्छा मिलता है.

कोबाल्ट

गाय माता को हरे पत्ते वाली सब्जी खिलाने पर गाय माता के दूध में कोबाल्ट बहुत अधिक मात्रा में मिलता है. गाय माता के दूध में मौजूद कोबाल्ट का खून के निर्माण में तथा उनकी वृद्धि करने में विशेष योगदान होता है एवं खून द्वारा आक्सीजन अवचूषण में सहभागिता निभाता है.

खून के निर्माण में विटामिन बी-12 की खास उपयोगिता है. विटामिन बी-12 के निर्माण में कोबाल्ट अति महत्वपूर्ण आहार है. यही वजह है कि विटामिन बी-12 को कोबाल्टएमिन कहा जाता है. छोटी आंत में विटामिन बी-12 पैदा करने वाले बैक्टेरिया कोबाल्ट खाकर ही बैक्टेरियल प्रक्रिया द्वारा कोबाल्ट एमिन बनाते हैं.

जस्ता

गेहूं के चोकर में जस्ता होता है. चोकर खिलाने पर दूध में जस्ता मिल जाता है. दूध में जस्ता बहुत मात्रा में खीस में उपस्थित रहता है जोकि मनुष्य की सामान्य वृद्धि के लिये बहुत आवश्यक है. एक व्यक्ति को 2 से 3 मिलीग्राम जस्ते की आवश्यकता होती है.

एल्यूमिनियम

तांबा

गेहूं के चोकर में तांबा होता है इसलिये भरपूर गेहूं का चोकर नियमित रुप से गाय माता को खिलाने पर तांबा उसके दूध में मिल जाता है. लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में तांबे का खास महत्व है. लाल रक्त कणिकाएं तांबे के बिना नहीं बन सकती हैं. तांबे की कमी से खून की कमी हो सकती है. तांबे से विटामिन सी, लोहा, जिंक को पचाने में मदद मिलती है. तांबा कई पाचक रसों में पाया जाता है. तांबा जहर के प्रभाव को कम करने के लिये तथा संक्रामक रोगों को रोकने के लिये महत्वपूर्ण है. तांबा वसा के ओक्सीकरण को उत्प्रेरित करती है. तांबा भी बहुत कम उपस्थित होता है. तांबे की आवश्यकता बहुत कम होती है. तांबे के अधिक प्रयोग से यकृत का डिजेनरेटिव रोग सिरोसिस हो जाता है. तांबा 2 मिलीग्राम से ज्यादा नहीं लेना चाहिये.

लोहा

गाय माता को नियमित रुप से दूर्वा, गेहूं का चोकर, जौ का चोकर लोहे की कड़ाई में खिलाने से उसके दूध में लोहा पर्याप्त मिलता है. लोहे की मात्रा दूध में अधिक होने पर दूध में विद्यमान विटामिन आक्सीकरण द्वारा नष्ट हो जाते हैं और दूध का स्वाद खराब हो जाता है. लोहा वसा के ओक्सीकरण को उत्प्रेरित करती है. लोहा रक्त में हिमोग्लोबिन के निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. लोहे के कारण रक्त की वद्धि होती है. लोहा संक्रमण वृद्धि, सुस्ती, कोशिका सम्बन्धी विकार, ह्रदय विकार, थकान, भारीपन, छाती के अंदर दर्द, घबराहट, अनिद्रा, सिरदर्द, सूजन आदि को रोकता है. गाय माता के दूध में लोहे की मात्रा बहुत ही कम 0.02 प्रतिशत है. लोहे की आवश्यकता 4 मिलीग्राम होती है.

मेगनीज

गाय माता के दूध में पर्याप्त मात्रा में मेगनीज उत्पन्न करने के लिये गाय माता के दैनिक आहार में पुदीना, पालक, केला, दलहन, तिलहन अवश्य ही देना चाहिये. यकृत, बालों, अग्नाशय यानी पैंक्रियाज के लिये मेगनीज आवश्यक है. खून के निर्माण में मेगनीज एक महत्वपूर्ण खनिज है. मेगनीज लोहे तथा फास्फोरस के कार्य एक दूसरे से संबंधित है तथा ये एक दूसरे पर आश्रित भी हैं. मेगनीज खून के साथ साथ उतकों को भी ताकत प्रदान कर शरीर को सुडौल और सुंदर बनाता है. मेगनीज थायरायड से निकलने वाले हार्मोन थायराक्सीन तथा लाल रक्त कणों के निर्माण में खास भूमिका निभाता है. रक्त निर्माण में सहायक विटामिन कोलिन तथा प्रोटीन के मेटाबोलिज्म को उन्नत करने के लिये विशेष प्रकार के पाचक रसों को क्रियाशील बनाता है. मेगनीज की कमी के कारण इंसुलिन बनना प्रभावित होता है. मधुमेह के मरीजों को मेगनीज की आवश्यकता होती है. शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिये मेगनीज आवश्यक है. गाय माता के दूध में मेगनीज होता है. 12 मिलीग्राम मेगनीज की आवश्यकता होती है.

क्रोमियम

क्रोमियम रक्त में ग्लूकोज के स्तर को बनाये रखता है तथा रक्त में वसा की मांग को सामान्य बनाये रखता है. क्रोमियम की कमी के कारण इंसुलिन बनना प्रभावित हो जाता है. मधुमेह के मरीजों को क्रोमियम की आवश्यकता इंसुलिन बनने के लिये होती है. मिर्गी के मरीजों को क्रोमियम की आवश्यकता होती है. क्रोमियम की आवश्यकता 2 मिलीग्राम होती है. 50 से 200 माइक्रोग्राम ही ग्रहण करना चाहिये. गाय माता के दूध, दही, छाछ, मक्खन, घी में क्रोमियम है.

फास्फोरस

कंकाल एवं दांतों तथा शरीर के कुछ अन्य भागों में फास्फोरस 86 प्रतिशत होता है. फास्फोरस दांतों और हडिडयों के लिये आवश्यक है. फास्फोरस कोशिकाओं का भी बहुत उपयोगी घटक है. फास्फोरस एंजाइम को सक्रिय बनाये रखता है तथा रक्त का पी.एच. मान एक निश्चित स्तर पर रखने में भी मदद करता है.

फास्फोरस दूध में उचित अनुपात में पाया जाता हे जिससे फास्फोरस का अवशोषण शरीर में बहुत ही अच्दी तरह से होता है. फास्फोरस की मात्रा 0.09 प्रतिशत यानी 95 मिली ग्राम है. फास्फोरस की आवश्यकता 780 मिलीग्राम होती है.

क्लोरिन

गेहूं के चोकर में क्लोरिन होता है. गाय माता को भरपूर गेहूं का चोकर खिलाने से दूध में क्लोरिन मिलता है. आमाशयिक रस के स्त्राव में क्लोरिन सहायक है. पाचक रसों को क्रियाशील बनाता है इसलिये पाचन में सहायक है. जल धारण शक्ति का नाश नहीं होने देता है. शरीर भार में कमी नहीं होने देता है. पाचन विकार नहीं हो पाते हैं. रक्त तथा धातुओं के व्यापान भार का नियमन करता है. क्लोरीन की आवश्यकता 95 मिलीग्राम होती है. 119 मिलीग्राम क्लोरीन दूध में मौजूद है.

आयोडीन

थायराइड ग्रंथि के स्त्राव का एक हिस्सा आयोडिन होता है. आयोडिन की पर्याप्त मात्रा के लिये थायराइड ग्रंथि की क्रियाशीलता ठीक होना आवश्यक है. आयोडिन की कमी से घेंघा होता है. आयोडन की कमी से बच्चों में मिक्सोडिमा रोग, महिलाओं में मासिक स्त्राव संबंधी बीमारियों, गलगंड रोग होता है. 13 मिलीग्राम आयोडीन की आवश्यकता होती है. गाय माता के दूध में मानव के लिए आवश्यक आयोडीन होता है.

क्लोराइड,
सल्फेट,
साइट्रेटस,
कार्बोनेटस कार्बन डाई ओक्साइड के रुप में 20 मिली ग्राम हैं.
सिलिका,
फलोरिन
मौजूद हैं. गाय माता के धारोष्ण दूध में 0.75 प्रतिशत खनिज हैं. खनिज हमारे शरीर के लिये बहुत ही अधिक आवश्यक हैं. हमारे अवयवों की पुष्टि खनिज करते हैं.

पाचक रस

60 प्रकार के एन्जाइमों यानी पाचक रसों की भूमिका हमारे पाचन में बहुत ही अधिक महत्वपूर्ण है. पाचक रसों के कारण ही मुंह में थुक की लार बढ जाती है. पाचक रस कार्बनिक उत्प्रेरक हैं जो जीवित कोशिकाओं के द्वारा पैदा किये जाते हैं. पाचक रसों का नामकरण उनके द्वारा लाये जा रहे परिवर्तनों पर रखे गये हैं.

डायस्टेज
पेरोक्सीडेज
हाइड्रोजन पेराक्साइड से ओक्सीजन को दूसरे पदार्थों पर स्थानान्तरित करता है.
लेक्टोपेरोक्सीडेज गाय के दूध को 2 से 3 घंटे खराब नहीं होने देता है.
रिडक्टेज
अपचयन करने वाले एन्जाइम
लाइपेज
वसा को तोडने वाले एन्जाइम
लाइपेज वसा अम्ल उत्पन्न करता है.
प्रोटीएज
प्रोटीन को तोडने वाले एन्जाइम
लेक्टेज,
फास्फाटेज,
फास्फेटेज दो प्रकार के होते हैं क्षारीय एवं अम्लीय
फास्फेटेज फास्फेट एस्टर का जल अपघटन करते हैं.
ओलीनेज,
कैटेलेज
हाइड्रोजन पेरोक्साइड का विघटन जल और सक्रिय ओक्सीजन में मौजूद हैं.

एम.डी.जी.आई.

विश्व में विकसित देशों में किये गये निरन्तर गहन अनुसंधानों से यह ज्ञात हुआ है कि गाय माता के धारोष्ण दूध में मौजूद एम.डी.जी.आई. प्रोटीन कैंसर को रोकने में महत्वपूर्ण कार्य करता है. वर्तमान समय में बहुत ही अधिक लोगों को विभिन्न प्रकार के कैंसर जिनमें रक्त कैंसर, मुंह का कैंसर, मसूढ़ों का कैंसर, गले का कैंसर, ग्रासनली का कैंसर, आमाशय का कैंसर, आंतों का कैंसर, गुदा कैंसर, यकृत का कैंसर, फेफडों का कैंसर, अंडकोष का कैंसर, लिंग का कैंसर, आंख का कैंसर, गुर्दे का कैंसर, मूत्राशय का कैंसर, गर्भाशय की रसौली का कैंसर, स्तन का कैंसर, गर्भाशय का कैंसर, लसिका ग्रंथि का कैंसर, अस्थि का कैंसर, जीभ का कैंसर, निचले होंठ का कैंसर, बाल्यावस्था के कैंसर, त्वचा का कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर हो रहा है लेकिन दुर्भाग्य से अधिकांश लोगों को एम.डी.जी.आई. प्रोटीन से कैंसर के उपचार के बारे में पता ही नहीं है.

स्ट्रेन्शियम

गाय माता के धारोष्ण दूध में स्ट्रोन्शियम रसायन परमाणु विकिरण तथा प्रदूषण से मानव की रक्षा करता है.

सेरेब्रोसाइडस

गाय माता के धारोष्ण दूध में मौजूद सेरेब्रोसाइड मानव के मस्तिष्क की 35 मानसिक क्षमताओं में मुख्यतः श्रंगार और प्रेम, स्नेह और मिलन सारिता, विनोदप्रियता, ध्यान केंद्रियकरण, विध्वंसक शक्ति, गोपनीयता, प्राप्ति की लालसा, परोपकारिता, आत्म सम्मान, प्रशंसा की चाह, सतर्कता, दृढता, अंतःकरण की शुद्धता, आशा, विस्मय, सृजन करने की शक्ति, अनुकरणीयता, स्वरुप एवं आकार की शक्ति, भार, व्यवस्था, संख्या बोध, रंगप्रियता, समय बोध, संभावित संबंध, भाषा, तुलना, श्रद्धा एवं 6 प्रकार की स्मरणशक्ति को पूरी तरह से सक्रिय करता है. मेधा की वृद्धि होती है. आकलन शक्ति बढती है. बुद्धि का संपूर्ण विकास होता है. निर्भयता, दया, अहिंसा, धैर्य, क्षमा, पवित्रता, विनम्रता के गुणों में वृद्धि होती है.

कंज्यूगेटेड लीओलिक एसिड

विश्व में 25 सालों से गाय के दूध पर निरन्तर अनुसंधान करने के बाद गाय माता के दूध में मौजूद कंज्यूगेटेड लीओलिक अम्ल का प्रभाव मधुमेह, विभिन्न प्रकार के कैंसरों में बहुत ही सटीक पाया गया है. कंज्यूगेटेड लियोलिक अम्ल डेयरी उद्योग के लिए वरदान साबित हुआ है. कंज्यूगेटेड लियोलिक अम्ल वसा को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

चूहों पर वैज्ञानिकों के द्वारा कंज्यूगेटेड लियोलिक अम्ल के प्रयोग करने पर पाया गया है कि वसा नियंत्रित होती है तथा मांसपेशियों में वृद्धि होती है. कंज्यूगेटेड लियोलिक अम्ल मानव का भार भी नियंत्रित करता है. मधुमेह में कंज्यूगेटेड लियोलिक अम्ल ग्लूकोज मेटोबोलिज्म को सामान्य बनाता है.

ह्रदय रोग में वसा कम घनत्व लिपोप्रोटीन्स वाला कोलेस्ट्रोल खून में अधिक होती है. कंज्यूगेटेड लिनोलिक अम्ल के कारण एल.डी.एल. में कमी आ जाती है. वैज्ञानिकों का मानना है कि कैंसर के उपचार करने के पहले से कैंसर की रोकथाम करने पर ज्यादा सफलता मिलती है.

वर्तमान में सीएलए का उपयोग कैंसर के रोगियों के लिये पूरे विश्व में किया जाता है. गाय माता के दूध में से मधुमेह तथा बहुत सारे प्रकार के कैंसरों को रोकने के लिये बहुत सारी दवायें तैयार की जा रही है. पंचगव्य यानी दूध, दही, छाछ, गोबर का रस, गोमूत्र, घी तथा महापंचगव्य यानी दूध, दही, गोबर का रस, गोमूत्र, घी, 24 जड़ीबूटियां भारत में 103 सालों से आर्यवैद्यशाला कोटटकल केरल के द्वारा तैयार की जा रही है.

कंज्यूगेटेड लियोलिक अम्ल जिसे संक्षिप्त में सीएलए कहते हैं, धारोष्ण दूध में कंज्यूगेटेड लियोलिक अम्ल कैंसर को रोकने के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. गाय माता के पाचन संस्थान में चार पेट होते हैं जिसमें से पहले पेट रुमेन में मौजूद सूक्ष्म जीवाणुओं के द्वारा आहार में पाये जाने वाले वसायुक्त तत्व को पचाने के दौरान अनसेचूरेटेड फेटि एसिड मुक्त होकर बायो हाइडोजिनेशन के दौर से गुजर कर मुक्त हाइडोजन के साथ मिलकर सीएलए उत्पन्न होता है.

दुधारु गाय माता के पेट में ब्यूटाइरिविब्रियो फाइब्रिसाल्वेन्स नामक जीवाणु उपस्थित होते हैं जो कि लियोनिक अम्ल को कन्ज्यूगेटेड लियोलिक अम्ल में परिवर्तित कर देते हैं. हरा चरने वाली गाय माता के पेट में 30 मिलीग्राम सीएलए मिल जाता है.

गर्मी के समय में जंगलों में हरे चारे चरने वाली गाय के दूध में सीएलए 2 से 3 गुना अधिक पाया जाता है. सीएलए मानव रक्त एवं कोशिकाओं में पहुंचने के बाद कुछ ऐसे एंजाइम उत्पन्न करते हैं जो टयूमर उत्पन्न करने या कोशिका मित्ति को नष्ट होने से बचाते हैं जैसे आरथिनिन, डिकार्बोक्सिलेज या प्रोटीनकाइनेज-सीआर साइटोक्रोम-पी-450 जो कैंसर उत्पन्न करने वाले कारक माने जाते हैं,

सीएलए या तो इन पदार्थों को बनने से रोकता है या उनकी मात्रा को अत्यंत कम कर देता है या उनकी संभावना को अत्यंत क्षीण करता है.

सीएलए को कैंसर पर प्रयोग करने के लिये चूहों पर अध्ययन किया गया. चूहों की बड़ी आंत के कैंसर को रोकने में सीएलए उपयोगी पाया गया. सीएलए कैंसर उत्पन्न होने के 2 सप्ताह पूर्व से ही देना प्रारम्भ करने पर स्तन के कैंसर में बहुत अधिक कमी आयी.

ओस्ट्रेलिया में किये गये अध्ययन के अनुसार गाय के दूध, दही, छाछ, मक्खन, घी के सेवन करने से रक्त के अंदर कैंसर रोधी तत्वों की मात्रा स्वाभाविक रुप से बढ़ने लगती है.

विश्व में सीएलए की जागृति के कारण ही गाय माता के दूध तथा दूध से तैयार पदार्थ के नियमित सेवन करने के कारण ग्रासनली, फेफड़े, छाती, अग्नाश्य, बड़ी आंत, प्रोस्टेट, मूत्राशय, मुंह, गले, दांत, दिमाग, रक्त, अस्थि, गर्भाशय, गर्भाशय ग्रीवा, गर्भाशय की रसौली, लसीका ग्रंथि, गुर्दे, आंख के कैंसर को रोकने में मदद मिली है.

कुछ वनस्पति तेलों जैसे मारगोरिन्स में लियोनिक अम्ल पाया जाता है लेकिन बिना बेक्टेरिया की मदद के सीएलए में बदल नहीं पाता है. कंज्यूगेटेड लियोलिक अम्ल और किसी भी पदार्थ में उपलब्ध नहीं है. प्राकृतिक रुप से मिलने वाला सीएलए ही शरीर के लिये उपयोगी है.

भारत में सीएलए की जानकारी बहुत ही पहले से थी. पहले हर घर में गाय माता का पालन भी इसलिये किया जाता था. मक्खन, चीज, योगर्ट, दही, कंडेन्सड मिल्क में सीएलए सर्वाधिक पाया जाता है.

गाय माता के घी को 120 अंश तापमान पर बनाने पर सीएलए सर्वाधिक मिलता है. गाय माता के घी में 2.5 से 3.5 प्रतिशत तक सीएलए रहता है. मांसाहारी पदार्थ में सीएलए नगण्य है. गाय माता के दूध में 4.5 मिलीग्राम सीएलए मौजूद है.

गाय माता को बिना रसायनिक खाद का भोजन देने पर 8 मिलीग्राम सीएलए दूध में मिलता है. विश्व के विकसित देशों ने अपने देशों में जहरीले 30 कीटनाशकों पर पूर्ण प्रतिबंध हैं.

विश्व में बहुत ही कम लोगों को सी.एल.ए. से होने वाले लाभों की पूरी वैज्ञानिक जानकारी है. मधुमेह को रोकने के लिये भी सीएलए की महत्वपूर्ण भूमिका है.

76 सीसी कार्बन डाई ओक्साइड,
ओक्सीजन,
नाइट्रोजन,

जल

गाय माता के दूध में 87.1 प्रतिशत जल मौजूद हैं. जल दूध में अन्य संघटकों के लिये एक परिक्षेपण माध्यम का कार्य करता है. दूध में मौजूद जल को बंधित जल कहते हैं. दूध में उपस्थित जल के कारण दूध के घटकों की पाचकता बढ जाती है. जल का बहुत थोडा भाग दूध के घटकों जैसे लेक्टोज, खनिज, प्रोटीन के साथ इतने नजदीकी ढंग से बंधा रहता है कि वह दूध के दूसरे घटकों को घोलने या निलम्बित करने वाले माध्यम का काम नहीं करता है.

कार्बोहाइड्रेड

कार्बोहाइड्रेटस शरीर के लिये आवश्यक उ-णता और शक्ति उत्पन्न करते हैं. गाय माता के दूध में कार्बोहाइड्रेड प्राप्त करने के लिये गाय माता को प्रतिदिन दिये जाने वाले आहार में गेंहूं का दलिया और चोकर बहुत ही बढ़िया होता है इसलिये प्रतिदिन भरपेट गेहूं का दलिया अवश्य ही देना चाहिये.

गेंहूं में कार्बोहाइड्रेड सबसे अधिक 83.2 प्रतिशत है. प्राकृतिक रुप से उपलब्ध द्रव्य पदार्थों में केवल गाय माता के दूध में ही लेक्टोज यानी दुग्ध मीठास 4.9 प्रतिशत मौजूद है. लेक्टोज प्रति ग्राम 4.0 किलो कैलोरी उर्जा प्रदान करता है. लेक्टोज की मीठास अन्य मीठास से बहुत ही कम होती है. लेक्टोज की मीठास इसलिये मानव को नुकसान नहीं करती है.

लेक्टोज से ही गैलेक्टोज प्राप्त होता है. गेलेक्टोज नवजात शिशु में सेरेब्रोसाइडों को बनाने में सहायक होता है. सेरेब्रोसाइड मस्तिष्क का मुख्य भाग है. लेक्टोज आंतों में विटामिनों के संश्लेष्ण और कैल्शियम, फास्फोरस, मैग्नेशियम के अवशोषण को बढाता है.

लेक्टोज वसा को शरीर में जमने से रोकता है. ताजे धारोष्ण दूध में दो प्रकार की मीठास जिसमें अंगूर और लेक्टोज उपस्थित है. गाय माता के दूध में मौजूद मीठास केंद्रीय नाडी मंडल और बुद्वि के विकास के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण है.

लेक्टोज एक प्रकार से मानव के मस्तिष्क का भोजन है. लेक्टोज का पाचन अन्य सुक्रोज तथा शर्कराओं की तुलना में धीरे धीरे होता है.

लेक्टोज का काफी भाग आमाशय से अपचित रुप से आंतों तक पहुंच जाता है इसलिये अपचित लेक्टोज की उपस्थिति में कुछ लाभदायक जीवाणु लोक्टोबेसीलस आंतों में विकसित हो जाते हैं जो कि अम्लीयता पैदा करते हैं. दुग्ध कल्प करने पर मानव के शरीर में लेक्टोज के कारण ही परिणाम बहुत ही क्रांतिकारी परिणाम देखने मिल गये हैं.

मांस तथा बल को बढाने में मिठास महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. लेक्टोज दूध में पाया जाने वाला प्रमुख कार्बोहाइडेड है. दूध में लेक्टोज किण्वन के लिये महत्वपूर्ण है. लेक्टोज के बिना किण्वन करना संभव नहीं

है. लेक्टोज की मात्रा थनैला रोग होने पर घट जाती है. भोजन में लेक्टोज की उपस्थिति से कैल्शियम, फास्फोरस, मैग्नेश्यिम तथा बेरियम का अवशोषण आंतों में बढ जाता है. कुछ व्यक्ति दूध को पचाने में असमर्थ होते हैं.

बचपन में जिन व्यक्तियों को दूध नहीं मिला है उन्हें दूध पचाने में परेशानी है. गाय माता के दूध में अलग से मीठास डालना प्राकृतिक मीठास का अपमान है और स्वास्थय के लिये भी घातक है. आयुर्वेद के अनुसार गाय माता का दूध अत्यंत मधुर, रुचिकर, कोमल, सौम्य, ठंडा, मन को प्रसन्न करने वाला है. गाय माता के दूध में मीठास मानव के लिये लाभप्रद है और मधुमेह के मरीज भी गाय माता का दूध सेवन कर सकते हैं

विटामिन

गाय माता जो स्वयं नियमित रुप से कम से कम 2 किलोमीटर के क्षेत्र में घूमकर हरी हरी घांस और जडी बूटियां चरती है या 20 किलो हरी घांस और दाना खाती है के धारोष्ण दूध में विटामिनों की भरमार है.

1.25 प्रतिशत 25 से अधिक प्रकार के विटामिन गाय माता के धारोष्ण दूध में पाये जाते हैं. विटामिन को लोकप्रिय बनाने के लिये बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने चिकित्सकों के माध्यम से होशियारी से मनमोहक जाल बिछाया है. वर्तमान में मरीज चिकित्सकों को विटामिनों के लिये आग्रह करते हैं. विटामिन हमारे शरीर में नहीं बनते हैं इसलिये विटामिनों को हमें आहार के द्वारा ग्रहण करना अनिवार्य है. पाश्चात्य संस्कृति के कारण ही पहले कार्बोहाइड्रेड, प्रोटीन, वर्तमान में विटामिन स्वास्थय के प्रतीक माने जाने लगे हैं. विटामिन टानिक नहीं है. आमतौर पर दूरदर्शन पर विटामिनों के मनमोहक विज्ञापनों को बार बार दिखाकर लोगों को यह मानने के लिये मजबूर किया जा रहा है कि विटामिन हमें अतिरिक्त बल और स्फूर्ति देते है हमारा वजन भी विटामिनों के नियमित सेवन करने से बढ जाता है हमारा मानसिक विकास होता है जो पूरी तरह से गलत है.

दूरदर्शन में गर्भवती माताओं को बदल बदल कर विटामिन ग्रहण करने के लिये मनोवैज्ञानिक रुप से तैयार किया जाता है. बहुराष्ट्रीय कंपनियो के तर्क इतने अधिक प्रभावशाली हैं कि विटामिन नहीं लेने के बारे में कल्पना भी नहीं कर सकते हैं. सच्चाई तो यह है कि मां के गर्भ में पल रहे बच्चे के लिये विटामिनों की जबरदस्ती की बौछारों का कोई अर्थ ही नहीं है.

आज के आधुनिक युग में बहुराष्ट्रीय कंपनियां विटामिनों का महत्व नवजात शिशु के लिये बहुत ही अधिक बताती हैं. नवजात शिशु के लिये सिर्फ मां का दूध ही संपूर्ण आहार रहने के कारण ही पूरी तरह से पर्याप्त है. विटामिनों का चलन हमारी दिनचर्या में इतना अधिक बढ गया है कि लोग नाश्ते के साथ विटामिन विशेष ध्यान देकर ग्रहण कर रहे हैं. विटामिन ग्रहण करने पर लोगों में धारणा है कि वे अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं. असल में विटामिन रासायनिक यौगिक हैं. विटामिन कार्बनिक पदार्थ हैं जो शरीर रचना में काम नहीं आते हैं. शरीर में कोशिकाओं में हर क्षण होते रहने वाली प्रकियाओं के लिये जरुरी होते हैं. विटामिन उर्जा देने वाली प्रक्रियाओं की शुरुआत करने के लिये अनिवार्य हैं. विटामिन उर्जा को एक स्थान से दूसरे स्थान पहुंचाते हैं. शरीर को सही ढंग से संचालित करने के लिये उर्जा की आवश्यकता है इसलिये विटामिनों की हमारे शरीर में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है. विटामिनों की आवश्यकता मात्रा में बहुत ही कम माइक्रो ग्राम या मिलीग्राम में ही है. विटामिन यानी जीवन तत्व शरीर के पोषण में संतुलन रखते हैं. हमारे दैनिक जीवन के भोजन में हमें शरीर के लिये आवश्यक सभी विटामिन मिल नहीं पाते हैं. हम अपनी अज्ञानता के कारण हमारे स्वास्थय को बिगाडने में लगे हुए हैं. गेहूं का आटा हम चक्की में पिसवाते हैं तब गेहूं के अंदर मौजूद विटामिन चक्की की गर्मी के कारण समाप्त हो जाते हैं. वर्तमान में हम ताजी सब्जी खाने के बदले फ्रिज में रखते हैं. सब्जी काटने के बाद हम पानी से धोते हैं तब शरीर के लिये आवश्यक विटामिन पानी में घुलकर व्यर्थ में बह जाते हैं. हम जीभ के स्वाद और पेट भरने के लिये बहुत कुछ खाते रहते हैं लेकिन विटामिन की उपस्थिति नहीं होने के कारण शरीर के पोषण के लिये व्यर्थ है. आहार विशेषज्ञ हमेशा भोजन के स्थान पर गाय माता का धारोष्ण दूध पीने की सलाह देते हैं. हम आजकल गाय माता का दूध न पीकर विटामिनों की कमी की पूर्ति करने के लिये दूरदर्शन पर मन को भ्रमित करने वाले विज्ञापन देखकर बहुत सारी रंग बिरंगी विटामिन की गोलियां खाते हैं लेकिन विटामिन की गोलियों से शरीर को आवश्यक पोषण नहीं मिल पाता है क्योंकि विटामिन का आचूषण

शरीर में नहीं हो पाता है और पेशाब से विटामिन निकल जाते हैं. शक्तिवर्धक के नाम पर हम बहुत सारे टोनिक जबरदस्ती पीते रहते हैं. गाय माता के दूध में मौजूद विटामिन शरीर में पहुंचकर आसानी से पच जाते हैं जिसके कारण शरीर और दिमाग का विकास निरन्तर होता है. गाय माता सूर्यकेतु नाडी के सूर्य के प्रकाश में जाग्रत हो जाने के कारण ही सूर्य के प्रकाश में अधिक से अधिक रहना पसंद करती है इसलिये सूर्य के प्रकाश से गाय माता को बहुत अधिक मात्रा में विटामिन ए और डी मिल जाता है. गाय माता के दूध में भी विटामिन ए और डी बहुत ही पर्याप्त मिल जाता है.

विटामिन डी

कैल्शियम और फास्फोरस ग्रहण करता है. कैल्शियम और फास्फोरस शरीर की हडियों और दांतों की मजबूती के लिये बहुत ही आवश्यक हैं. विटामिन डी नर्वस एवं स्नायु की रक्षा करता है. विटामिन डी को हमारी त्वचा की चिकनाई सूर्य के प्रकाश की किरणों से तैयार करती है. वर्तमान में हमारी दिनचर्या में हम सूर्य के प्रकाश में कम रहते हैं जिसके कारण विटामिन डी की कमी उत्पन्न हो जाती है जिसके कारण हडडी के रोगों की बहुत सारी गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है. विटामिन डी की कमी के कारण आंत का कैंसर उत्पन्न हो जाता है. विटामिन डी दूध की बनी पाचन में हल्की वस्तुओं में उपलब्ध है.

विटामिन ए

गाय माता के दूध में विटामिन ए और ए-1 प्राप्त करने के लिये गाय माता को प्रतिदिन गेहूं का चोकर अवश्य ही देना चाहिये. चोकर में विटामिन ए रहता है. हरी ताजी घास अवश्य मिलनी चाहिये. दूध देने वाली गाय माता को भरपेट हरा चारा प्रतिदिन मिलना चाहिये. हरा चारा गाय माता के लिये समुचित भोजन है. हरा चारा रसीला होने के कारण जल्दी पचता है और जायकेदार भी होता है. हरी दूब, लूसर्न, बरसीम, ज्वार की हरी चरी, गेंहूं का हरा दानों सहित पौधा, जौ और जई के हरे पौधे, हरी नरम और सिगरीदार सरसों, मूंग का हरा पौधा, हलीम, झरुआ, मूंगफली का हरा पौधा, सूडान घास, दीनानाथ घास, लोबिया, नेपियर बाजरा घास, पैरा घास, गिन्नी घास, नंदी घास, अंजन घास, स्टायलो घास, सिराट्रो घास में विटामिन ए बहुत ही अधिक होता है. गाय माता के धारोष्ण दूध में भी विटामिन ए और ए.1 180 यूनिट प्रति ग्राम_मौजूद रहता है.

विटामिन ए शरीर में वसा में घुलकर समा जाते हैं. समय समय पर शरीर की जरुरत के अनुसार विटामिन ए काम में आ जाता है. विटामिन ए शरीर में संचित रहता है इसलिये विटामिन ए की कमी नहीं रहती है. आंखों और शरीर की चमडी के लिये विटामिन ए बहुत अधिक आवश्यक है.

विटामिन ए चर्बीरहित वनस्पतियों से प्रात होता है. गाजर, बीट, कुमडा, धनिया, मूली, पालक और मेथी की भाजी, केला, पपीता, संतरा, पक्के आम, दूध से तैयार चीज, पनीर, विटामिन ए के लिये प्रमुख स्त्रोत हैं. विटामिन ए की कमी से रतोंधी होती है जिसके कारण रात्रि के समय देखने में परेशानी होती है.

विटामिन ए की कमी से भूख मर जाती है. दांतों में भी परिवर्तन विटामिन ए की कमी से देखने मिलता है. शरीर में बहुत से रोगों के संक्रमण की भी संभावना विटामिन ए की कमी से बढ जाती है. विटामिन ए शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है.

विटामिन बी

विटामिन बी 18 प्रकार के बताये गये हैं. मस्ति-क, नेत्र, गला, ह्रदय, तिल्ली, गुर्दा, आंत, हडडी, गुर्दा, चमड़ी, स्नायु, रक्त में विटाबिन बी की आवश्यकता बहुत अधिक है. गाय माता के दूध में मौजूद *विटामिन बी* काफी तादात में है. *बी-1, बी-2, बी-3, बी-4* शरीर को स्वस्थ और सक्रिय बनाये रखते हैं. विटामिन बी कोम्प्लेक्स के इंजेक्शनों के कारण मरीजों की मौत हो जाती है.

विटामिन बी-1

गेहूं के चोकर में विटामिन बी-1 होता है इसलिये चोकर से दूध में विटामिन बी-1 प्राप्त होता है. गाय माता के 100 ग्राम दूध में *विटामिन बी-1* 0.5 मिलीग्राम है. विटामिन बी-1 यानी थियामिन शरीर के कोषों को बराबर काम करने में बहुत ही मदद करता है. विटामिन बी-1 पानी में घुलनशील है. आवश्यकता से अधिक विटामिन बी-1 पेशाब तथा पसीने से बाहर निकल जाते हैं. विटामिन बी-1 संतुलित मात्रा में ही ग्रहण करना अनिवार्य है. स्नायु में होने वाली प्रकियाओं में विटामिन बी-1 आवश्यक है. विटामिन बी-1 का सीधा संबंध नर्सों की कमजोरी, मानसिक तनाव,

मानसिक विकास से है. विटामिन की कमी से शरीर में बिना परिश्रम के लगातार थकान लगती है. विटामिन बी-1 की कमी से भोजन करने की रुचि समाप्त हो जाती है. विटामिन बी-1 की बहुत अधिक कमी के कारण मानसिक बैचेनी बढ जाती है.

विटामिन बी-1 की कमी से ह्रदय रोग होने की संभावनायें बहुत अधिक हो जाती हैं. विटामिन बी-1 हमें चावल, गेहूं, बाजरा, जवारी, कठोर, मुंगफली, मटर, आलू, संतरा, दूध से बनी वस्तुओं में मिलता है.

विटामिन बी-2

गेहूं के चोकर में विटामिन बी-2 होता है. दूध में विटामिन बी-2 प्राप्त करने के लिये गाय माता को गेहूं का चोकर अवश्य ही खिलायें. गाय माता के धारोष्ण दूध में विटामिन बी-2 0.20 है.

विटामिन बी-2 आहार में मौजूद कार्बोहाइड्रेड, प्रोटीन, चर्बी में से शरीर के लिये आवश्यक कभी समाप्त न होने वाली शक्ति की पूर्ति करता है.

विटामिन बी-2 यानी रिबोफलेविन शरीर के विकास के लिये शरीर में बनने वाले हार्मोन्स यानी पोषक क्षारों के लिये तथा रक्तकणों के लिये बहुत अधिक आवश्यक है. दूध से बने सभी पदार्थो में विटामिन बी-2 मिल जाता है.

इसके अलावा हरी सब्जियों, कठोर, बेकरी की वस्तुओं में यानी ब्रेड में मिल जाता है. मंहगी होटल में मछली का चलन बहुत जोरों पर है. बेकरी और फास्ट फूड का चलन बहुत अधिक बढ गया है. विटामिन बी-2 की कमी से मुंह, होठ, जीभ पर सूजन आ जाती है. विटामिन बी-2 की कमी से आंखों में जलन तथा खूजली होने लगती है जिसके कारण आंखों को सतत मसलना पडता है. विटामिन बी-2 की कमी से आंखों की रोशनी कम हो जाती है. विटामिन बी-2 की कमी से प्रकाश में आंखों में तकलीफ महसूस होने लगती है. विटामिन बी-2 की बहुत अधिक कमी से शरीर में डीप्रेशन यानी हीनता की भावना महसूस होने लगती है. विटामिन बी-2 की भारी कमी से हिस्टीरिया की खतरनाक बीमारी होती है.

विटामिन बी-3

यानी नियासिन आहार में मौजूद कार्बोहाइड्रेटस में से आवश्यक उर्जा प्राप्त करने का महत्वपूर्ण कार्य करता है. विटामिन बी-3 प्रोटीन तथा चर्बी को पचाने में मदद करता है. रक्तकण तथा हारमोन्स यानी पोषक क्षार बनाने के लिये विटामिन बी-3 अनिवार्य है. विटामिन बी-3 की कमी से शरीर में कमजोरी महसूस होती है. विटामिन बी-3 की कमी के कारण भूख लगनी बहुत कम हो जाती है. विटामिन बी-3 की कमी के कारण पाचन एवं त्वचा की समस्या उत्पन्न हो जाती है. शरीर में आलस भी विटामिन बी-3 की कमी के कारण ही उत्पन्न होता है. विटामिन बी-3 की भारी कमी के कारण जीभ पर सूजन, शरीर में कपकपी आनी, सेंट्रल नर्वस सिस्टम में हानि पहुंचना जैसी गंभीर समस्या उत्पन्न होती है.

अनाज, कठोर, मूंगफली में विटामिन बी-3 मिलता है. दूध तथा अंडे में विटामिन बी-3 कम रहता है.

विटामिन बी-6

विटामिन बी-6 गाय माता के दूध में मौजूद है. विटामिन बी-6 की कमी से गर्भावस्था में एवं बच्चों में इसकी कमी होने से रक्तहीनता रोग होता है. रक्ताल्पता रोग होता है. विटामिन बी-6 लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में खास भूमिका निभाता है. विटामिन बी-6 को-एन्जाइम का कार्य करता है. विटामिन बी-6 की उपस्थिति में ही ट्रीप्टोफिन नायसिन में रुपान्तरित होता है इसलिये इसे प्रोटीन विटामिन भी कहते हैं. विटामिन बी-6 का रासायनिक नाम पायरिडाक्सिन है. विटामिन बी-6 ट्रिप्टोफेन से सेरोटेनिन को बनाता है. यह तीन प्रकार का होता है-पायरिडाक्सिन, पारयरिडोक्सल, प्यरिडाक्सएमिन.

विटामिन बी-9

विटामिन बी-9 जिसका रासायनिक नाम फोलिक अम्ल है गाय माता के दूध तथा दूध से बने सभी पदार्थों में 0.7 से 12.5 माइक्रोग्राम पाया जाता है. विटामिन बी-9 खून के मुख्य घटक लाल रक्त कोशिकाओं, सफेद रक्त कोशिकाओं तथा एंटी बाडीज के निर्माण करने में सहायक होता है. विटामिन बी-9 ह्रदय की पम्पिग क्रिया को भी सही सलामत रखकर शरीर के अंग-प्रत्यंग में खून का संचार करता है. विटामिन बी-9 की कमी से रक्ताल्पता रोग तेजी से पनपता है. गर्भावस्था में इसकी कमी होने से नवजात शिशुओं में खून की कमी एवं दिमागी विकृतियां पैदा हो जाती है.

विटामिन बी-9 गर्भस्थ शिशु में न्यूरल टयूब विकृति को रोककर दिमाग एवं नर्व्ज सिस्टम को

ताकतवर एवं स्वस्थ बनाता है. अस्थि में लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में उत्प्रेरक का कार्य करता है. चमकीली हरी पत्तियों में प्रचूरता से मिलने के कारण ही विटामिन बी-9 को फोलिक अम्ल कहा जाता है. फोलिक अम्ल चमकीला पीला पदार्थ है जो सूर्य के प्रकाश में नश्ट हो जाता है. फोलिक अम्ल गर्भस्त्राव को भी रोकता है. खतरनाक प्रोटीन उत्पाद हीमोसिस्टीन से मुक्ति दिलाता है.

विटामिन बी-12

गाय माता के 100 ग्राम दूध में *विटामिन बी-12* 0.7 माइक्रोग्राम है. हमें प्रतिदिन 0.3 से 2 माइक्रोग्राम विटामिन बी-12 की आवश्यकता है. विटामिन बी-12 कोबाल्ट तथा फास्फोरस के सहयोग से निर्मित होता है. गाय माता के धारोष्ण दूध में मौजूद विटामिन बी-12 रक्त के प्रमुख घटक लाल रक्त कोशिकाओं तथा हीमोग्लोबिन के बढ़ाने तथा बनने में महत्वपूर्ण भमिका निभाता है. इसके अभाव में घातक प्रभाव गर्भावस्था में गर्भस्थ तथा जन्मजात शिशु पर होता है. विटामिन बी-12 न्यूक्लिक अम्ल तथा न्यूक्लिक प्रोटीन संश्लेषण भी करता है. इसके अभाव के कुप्रभाव में अस्थि-मज्जा में लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण का कार्य ठप पड़ जाता है.

परिणामस्वरुप परनीशिय रक्तहीनता होती है. शरीर की वृद्धि करने के लिये, आंखों के उचित पोषण, ठुडडी, मुंह की मांसपेशियों के कार्य, त्वचा का समय पूर्व काल प्रभावन रोकने के लिये जरुरी है. कार्बोहाइडेड, प्रोटीन, चर्बी की सामान्य प्रक्रिया के लिये बहुत अधिक आवश्यक है. कुछ निश्चित एमिनो एसिड यानी द्वि अम्लों और चर्बी के निर्माण के लिये तथा सेंटल नर्वस सिस्टम के लिये विटामिन बी-12 बहुत आवश्यक है. गाय माता का दही, पनीर, छाछ, अंकुरित अनाज, गोमूत्र, गोबर में भी विटामिन बी-12 मौजूद है. शाकाहारी भोजन में विटामिन बी-12 मौजूद नहीं है. वर्तमान में भारत में मांसाहार का प्रचलन विटामिन बी-12 की लालच के कारण बहुत अधिक बढ गया है. विटामिन बी-12 की कमी के कारण दिमाग की बीमारियां तथा एनिमिया होती हैं. विटामिन बी-12 का रासायनिक नाम कोबाल एमिन है.

विटामिन ई

गाय माता के दूध में मौजूद *विटामिन ई* शरीर में चर्बी और विटामिन ए की सुरक्षा कर हानिकारक ओक्सीजन फ्रेगमेंटस से बचाकर चमडी की चमक को बनाये रखता है. विटामिन ई शरीर की वृद्धि एवं उत्पादन शक्ति के लिये अपेक्षित सहयोग करता है. शरीर की कुछ महत्वपूर्ण ग्रंथियों पर विटामिन ई का विशेष प्रभाव पड़ता है.

गर्भवती महिलाओं को विटामिन ई की अत्यंत आवश्यकता होती है. विटामिन ई की कमी के कारण गर्भपात हो जाता है. नवजात शिशुओं में विटामिन की कमी के कारण एनिमिया होने की संभावना है. बडे व्यक्तियों के शरीर में विटामिन ई की कमी के कारण मज्जा तंतु को नुकसान पहुंचता है.

विटामिन ई दिमागी ताकत बढ़ाने, फ्री रेडिकल्स को समाप्त करने, दिमागी कुवत को कम करने वाली बीमारी अल्जीमर तथा पार्किन्सन से लोहा लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

विटामिन ई की कमी से ह्रदय रोग होता है. विटामिन ई यानी अल्फाटोकोफेराल प्रबल एंटी ओक्सीडेंट रक्तवाहिनियों का लचीलापन बरकरार रखता है जिससे दिल के धड़कने की ताकत बढ़ जाती है. विटामिन ई खून को पतला बनाये रखता है जिससे खून की नलिकायें बिना रूकावट के कार्य करती हैं. विटामिन ई के ह्रदय रोग पर प्रभाव पर अमेरिका में 3300 चिकित्सक अनुसंधान कर रहे हैं. विटामिन ई वनस्पति तेल, गेहूं के अंकुर, मटर, चाय के पौधे, मूंगफल्ली, हरी सब्जी, अंडों में होता है. वनस्पति तेल का उपयोग भारत में सर्वाधिक हो रहा है. अंडों का चलन चरम सीमा पर पहुंच गया है. गाय माता के दूध में विटामिन ई 0.98 मिली ग्राम प्रति लीटर होता है. मानव के लिये प्रतिदिन आवश्यक विटामिन ई की मात्रा 14 से 19 मिलीग्राम है.

विटामिन एच यानी बायोटिन

गाय माता के दूध में मौजूद बायोटिन शरीर में खून को बनाने में भाग लेता है. चर्बी, द्वि अम्ल यानी एमिनो एसिडस, कार्बोहाइडेट को बनाने और सरलता से पचाने के लिये मदद करता है. बायोटिन की कमी के कारण रक्तहीनता, नर्वसनेस, त्वचा का पीला पड़ना, त्वचा की जलन, बालों का गिरना, आंखों की खतरनाक बीमारी कन्जकिटवाइस, कोलेस्टरोल का खून में बढना, शरीर का जड हो जाना, भूख मर जाना, जोडों का दर्द, यकृत का

फेलना, उबकाई आना, आलस का अनुभव होना, मांसपेशियों में दर्द प्रमुख है.

बायोटिन दही, पनीर, गेहूं, गेहूं के अंकुरण, खटटे फल, ताजी सब्जियों, मशरुम, मुंगफली में मिलता है. ताजी सब्जियों के अंदर रासायनिक खाद और कीटनाशक का खतरनाक जहर सर्वाधिक है. भारत में सरकार के विशेष प्रोत्साहन के कारण मशरुम का चलन भी बहुत अधिक है.

विटामिन कोलिन

कोलिन गाय माता के दूध में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है. कोलिन, मेथियोनिन अमिनो अम्ल, विटामिन बी-12 तथा विटामिन बी-9 एक दूसरे का सहयोग कर रक्ताल्पता से रक्षा करते हैं. कोलिन के द्वारा विटामिन बी-12 तथा दिमाग में विद्युत चुम्बकीय न्यूरोट्रान्समीटर्स एसीटाइल कोलिन का निर्माण करते हैं.

विटामिन के

गेहूं के चोकर में विटामिन के होता है. दूध में विटामिन के प्राप्त करने के लिये गाय माता को नियमित चोकर अवश्य ही खिलायें. गाय माता के पहले पेट रुमेन में मौजूद सूक्ष्म जीव विटामिन के का निर्माण करते हैं. विटामिन के का रासायनिक नाम फाइलोक्यूइनोन है. गाय माता के दूध में विटामिन के के-1 एवं के-2 के रुप में मौजूद है. विटामिन के का तीसरा रुप मनोडियोन भी है. विटामिन के का प्रमुख काम प्रोथ्रोम्बिन को बनाना है. रक्त में प्रोथाम्बिन के सामान्य स्तर को नियंत्रित करना तथा बनाये रखना है. प्रोथाम्बिन की कमी के कारण ही रक्त का थक्का जल्दी नहीं बनता है.

विटामिन के शरीर में पर्याप्त मात्रा में मौजूद रहता है. विटामिन के की कमी अधिकतर नवजात शिशुओं में प्रोथामिन की रक्त में कमी के कारण होती है. यह कमी तब तक बढती जाती है जब तक कि आंतों के जीवाणु अच्छी तरह से स्थापित नहीं हो जाते क्योंकि आहार के द्वारा विटामिन के की पूर्ति नहीं हो पाती है.

हमारी आंतों में उपस्थित कुछ उपयोगी बेक्टेरिया द्वारा भी विटामिन के का निर्माण होता है. अल्सर, अतिसार, यकृत की खराबी में शरीर में विटामिन के की कमी हो जाती है. इसके कारण कभी कभी रक्तस्त्राव संबंधी रोग पैदा हो जाते हैं. विटामिन के सूर्य के प्रकाश, गेहूं की थूली, हरी सब्जी, फूल गोभी, गाजर के सिरे, टमाटर, सोयाबीन, चावल के चोकर, अंडे, मक्खन में उपलब्ध है. विटामिन के की कमी कभी कभी गलत दवाई लेने पर होती है.

कैरोटिन

गायों को प्रतिदिन ताजा एवं कोमल हरा चारा भरपेट खिलाने पर कैरोटिन दूध में मिल जाता है. श्यामा गाय में सूर्य के प्रकाश के साथ अन्य तरंगों को सोखने का अदभुत गुण मौजूद है जिसके कारण श्यामा गाय का दूध विशेष गुणकारी है. कपिला गाय में विशेष उर्जा मौजूद है. कपिला गाय का दूध ज्यादा गुणकारी माना गया है. गाय माता के दूध में मौजूद *कैरोटिन* यानी स्वर्णक्षार बहुत ही चमत्कारिक कार्य करता है. गाय माता के दूध में मौजूद कैरोटिन की मात्रा गाय माता के अधिक से अधिक सूर्योदय से सूर्यास्त तक सूर्य के प्रकाश में रहने और खानपान पर पूरी तरह से निर्भर करती है. कैरोटिन शरीर में प्रवेश कर विटामिन ए में परिवर्तित हो जाता है. कैरोटिन के कारण ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत अधिक बढ जाती है. गाय के दूध, मक्खन, घी के अंदर बहुत अधिक प्रो विटामिन ए बीटा कैरोटिन कैंसर जैसे खतरनाक रोगों से भी शरीर के लडने की क्षमता तैयार रहती है.

विटामिन सी

विटामिन सी चयापचय की क्रिया के लिये बहुत ही आवश्यक है. विटामिन सी सीधे रक्त निर्माण में भाग नहीं लेता है लेकिन विटामिन सी के अभाव में रक्त निर्माण करने वाला मुख्य घटक लोहे का अवशोषण भली-भांति नहीं होता है.

विटामिन सी रिडयुसिंग एजेन्ट का कार्य करता है अर्थात लौहयुक्त आहारों में मौजूद फेरिक लोहे को फेरस लोहे में परिवर्तित कर देता है. फेरस लोहा शरीर के द्वारा शीघ्र सोख लिया जाता है तथा खून के निर्माण हेतु भेज दिया जाता है. विटामिन सी लोहे के मेटाबालिज्म को उन्नत करता है.

विटामिन सी रक्त कोशिकाओं की दीवारों को भी मजबूत बनाता है. शरीर की रक्तनली को सही रखने, टेण्डेन्स, लिगोमेंट्स, कर्टिलेज, अस्थि मज्जा, हडडी के बाहर के मनको के लिये विटामिन सी आवश्यक है.

विटामिन सी की कमी के कारण विषाक्त तत्व रक्त में उत्पन्न हो जाते हैं. विटामिन सी शरीर को रोगों के आक्रमण से सुरक्षित रखता है. विटामिन सी की कमी के कारण मसूढो में सूजन आ जाती है और मसूढों में से खून निकलता है. विटामिन सी की कमी के कारण चमडी पर लाल, हरे रंग के निशान दिखाई पडते हैं. विटामिन सी की कमी के कारण हडडी कमजोर हो जाती है. जब मनुष्य गिर जाता है तब हडडी में दरार पड जाती है और हाथ पैर में दुःखने लगता है.

मनुष्य का भार विटामिन सी की कमी के कारण कम हो जाता है. गाय माता के धारोष्ण दूध में विटामिन सी 20 मिलीग्राम से अधिक है. मानव को दैनिक आहार में प्रतिदिन 70-100 मिलीग्राम विटामिन सी की आवश्यकता होती है. गाय माता के दूध में विटामिन सी की कमी दूध को बहुत ही लम्बे समय तक प्रकाश में रखने पर एवं गाय माता के दूध को बार बार गरम करने पर रहती है जिसकी पूर्ति आंवले, मोसम्बी जैसे रसीले फलों, संतरा, अमरुद, बेर, नींबू, स्ट्रोबेरी, टमाटर, कच्ची हरी सब्जियां, हरी मिर्च से की जा सकती है. आवले में विटामिन सी सबसे अधिक है. 10 ग्राम आवले में विटामिन सी 760 मिलीग्राम है.